राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2022/50 दिनांकः 17/12/22

# 32वां दीक्षांत समारोह हेतु आवश्यक सूचना

32वां दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राजस्थान विश्वविद्यालय का 32वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 08.01.2023 को Convocation Centre, University of Rajasthan, Jaipur में आयोजित होगा, जिसमें माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा समारोह स्थल पर परीक्षा–2021 में प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं को गोल्ड मेडल पारितोषिक तथा डी.लिट धारकों को उपाधि प्रदान की जायेगी। (विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांक परीक्षा उपाधि/2022/269 एवं 443 दिनांक 06.12.2022 एवं क्रमांक परीक्षा उपाधि/2022/44 दिनांक 17.12.2022)

पीएच.डी. धारक जिनकी पीएच.डी. दिनांक 01.11.2021 से 31.10.2022 के मध्य अवार्ड हुई हैं, उन्हें निम्नलिखित केन्द्रों पर दिनांक 08.01.2023 को प्रातः 7.30 से प्रातः 9.00 बजे तक तय प्रक्रियानुसार उपाधियां वितरित की जायेंगीः–

| क्र.सं. | संकाय | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | कला | मानवीकी पीठ, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर |
| 2 | वाणिज्य | पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |
| 3 | समाजिक विज्ञान | पी.जी. स्कूल ऑफ सोशल साईंस, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |
| 4 | विज्ञान | वनस्पति शास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |
| 5 | शिक्षा, विधि, प्रबन्ध एवं ललित कला | सेंटर फॉर कनवर्जिंग टेक्नोलोजी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। |

जो पीएच.डी. धारक दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होना चाहते है वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी सहमति दिनांक 03.01.2023 को सायं 4.00 बजे तक विश्वविद्यालय ईमेल **drshodhuniraj@yahoo.in** अथवा उपकुलसचिव (शोध), विज्ञान भवन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को लिखित रूप में प्रस्तुत करें। साथ ही परीक्षा–2021 में प्रथम वरियता प्राप्त छात्र/छात्रा भी उक्त दिनांक तक आवश्यक रूप से निर्धारित प्रपत्र में सहमति ईमेल **dyregistrardegree@gmail.com** पर अथवा अनुभागाधिकारी, उपाधि अनुभाग, सरदार पटेल भवन, राजस्थान विश्वविद्यालय के कमरा नं0 111 में प्रदान करें। सहमति एवं निर्धारित गणवेश के अभाव में दीक्षांत समारोह मे सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा।

दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने वाले अनुमति प्राप्त समस्त छात्र/छात्राएँ निम्नलिखित शिष्टाचार (Protocol) का पालन करते हुए समारोह स्थल पर प्रातः 10.30 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंः–

(1) पुरूष : सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा/पेन्ट–शर्ट/धोती कुर्ता तथा काले जूते।

(2) महिला : सफेद साडी/सलवार सूट मय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मेहरून कलर का बॉडर व ब्लाऊज एवं चुन्नी/दुपट्टा एवं काले सेन्डिल/ स्लिपर।

17.12.22

(डॉ. राकेश राव)
परीक्षा नियंत्रक